आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 31 लखनऊ, सोमवार 21 नवम्बर 2022 से 27 नवम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी–तमिल संगम का उद्घाटन किया

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने चुनाव क्षेत्र वाराणसी पहुंचे और बीएचयू कैंपस




में काशी–तमिल संगम का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी तमिलनाडु की पारंपरिक वेशभूषा में इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि काशी के निर्माण और विकास में तमिलनाडु ने बड़ा योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा– काशी में बाबा विश्वनाथ हैं, तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद है। काशी और तमिलनाडु, दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। 'काशी–कांची' के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– ड. सर्वपल्ली राधोंष्णन, राजेश्वर शास्त्री, पट्ट्घाभिराम शास्त्री जैसे विद्वानों ने बीएचयू से लेकर यहां अलग–अलग स्थानों पर अपनी विद्वता से लोगों को नई दिशा दी है। उन्होंने अभिवादन के लिए इस्तेमाल होने वाले तमिल शब्द वणक्कम से अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि काशी में बड़ी संख्या में तमिल लोग रहते हैं। उन्होंने कहा– आप काशी भ्रमण करेंगे, तो देखेंगे कि हरिश्चंद्र घाट पर काशी कामिकोटिश्वर पंचायतन तमिल मंदिर है। केदार घाट पर कुमारस्वामी मठ है। यहां हनुमान घाट और केदार घाट के आसपास बड़ी संख्या में तमिलनाडु के लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा– हमारे देश में सुबह उठ कर सौराष्ट्रे सोमनाथम से लेकर १२ ज्योतिर्लिंग के स्मरण की परंपरा है। हमें आजादी के बाद इस देश की विरासत को मजबूत करना था। लेकिन, दुर्भाग्य से इसके लिए प्रयास नहीं किए गए। काशी– तमिल संगमम् हमें अपनी विरासत को सहेज कर रखने और सांस्ेतिक एकता को मजबूत बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## निकाय प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम योगी, चुनाव को लेकर होगा मंथन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रविवार को सहारनपुर जाएंगे जहां वो निकाय प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे। सीएम योगी दोपहर दो बजे राजकीय विमान से सरसावा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां से वो कार महाराज सिंह डिग्री कलेज के मैदान में सभा स्थल पर जाएंगे। सीएम योगी के इस दौरे को निकाय चुनाव की तैयारियों की शुरुआत से देखा जा रहा है। सीएम निकाय चुनाव के साथ ही भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव की जमीन भी तैयार करेंगे। बीजेपी ने वर्ष २०१४ से लेकर हर चुनाव का शंखनाद सहारनपुर से ही किया है। निकाय



चुनाव पर सीएम को फोकस रहेगा. यहां की लोकसभा सीट को लेकर भी भाजपा अपनी जमीन तैयार करने में लगी हुई है।

## महेंद्र सिंह बने विशेष सचिव गृह, देर रात ८ आईएएस के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने बीते रविवार को आईएएस अफसरों की तैनाती में बड़ा फेरबदल किया है। देर रात प्रदेश के कुल ८ आईएएस अफसरों का स्थानांतरण कर दिया गया




है। आईएएस की लिस्ट में महेंद्र सिंह को विशेष सचिव गृह की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि शेषनाथ को विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा छह अन्य आईएएस अफसरों का तबादला किया गया है। बता दें कि सूची को मुताबिक, आईएएस रेणु तिवारी को विशेष सचिव, खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग से स्थान्तरित कर अपर आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र तथा अपर आयुक्त मनरेगा, आईएएस शेषनाथ को प्रबंध निदेश यूपी एग्रो से हटाकर विशेष सचिव चीनी तथा गन्ना विकास विभाग, आईएएस अरुण प्रकाश को विशेष सचिव सचिवालय से विशेष सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यय उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के अलावा कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस योगेश कुमार को अपर आयुक्त मनरेगा से विशेष सचिव ेषि उत्पादन, आईएएस टीके शिबु को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, आईएएस सुनील कुमार वर्मा को विशेष सचिव, ेषि उत्पादन आयुक्त और आईएएस अनुराग पटेल को विशेष सचिव राजस्व विभाग की कमान सौंपी गई है।

## यूपी में पांच लाख लोगों को मिला रोजगार, हर जिले में बनाएंगे मेडिकल कॉलेज :सीएम योगी

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में १३५४ स्टाफ नर्स को नियुक्ति पत्र सौंपे। इन स्टाफ नर्स का चयन यूपी लोकसेवा आयोग के जरिये प्रदेश के ७५ जिलों के लिए किया गया



है। सीएम योगी ने कहा कि अभी तक सूबे में सरकार ने पांच लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। और इसमें पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अपने गयी है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार के साथ मिलकर हम प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कलेज बनाएंगे। स्टाफ नर्स को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सीएम योगी ने उन्हें बधाई दी। सीएम ने कहा आप सब के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है, रोगियों की सेवा का जो वचन आपने लिया है उसे सार्थक करने का मौका अब आपको मिल चुका है। स्टाफ नर्स के काम की तारीफ करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया त्रासदी झेल रही थी तो यही वो स्टाफ नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ था जिसने अपनी जान कि परवाह न करते हुए भी लोगों की जान बचाई। सीएम ने कहा हमारी सरकार स्वास्थ्य विभाग में आने वाले समय में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां करेगी। उन्होंने कहा अभी तक पुलिस, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में जो भी नियुक्तियां हुई हैं वो सभी पारदर्शी तरीके से हुई हैं, इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। सीएम योगी ने कहा स्वस्थ्य कर्मियों का काम बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा मरीज डॉक्टर से तो कम मिलता है लेकिन स्टाफ नर्स हमेशा उसके साथ रहती हैं। ऐसे में उनका व्यवहार मरीज के प्रति अच्छा होना चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएम ने कहा कि अपने काम का डाटा जरूर सही जगह अपडेट करिये, जिससे सेवाओं को बेहतर बनाने कि दिशा में काम किया जा सके। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहे।

## आसिफी इमामबाड़े का दीदार करने पहुंचे मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह

लखनऊ। मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह ने रविवार को एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े का दीदार किया। विश्वप्रसिद्ध इमामबाड़े की ऊपरी मंजिल पर भूलभुलैया बनी है, जिसे देखने के लिए दुनिया भर से लोग आते हैं। मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह भारतीय मूल के हैं। उनका जन्म आर्य समाजी हिन्दू परिवार में हुआ है। ६३ वर्षीय पृथ्वीराज सिंह दो दिसंबर २०१६ को मॉरीशस



के राष्ट्रपति चुने गए थे। वह कानून के विद्यार्थी रहे हैं और उन्होंने एलएलएम तक शिक्षा प्राप्त की है। वह लखनऊ आये तो रविवार को आसिफी इमामबाड़े को देखने पहुंच गए। राष्ट्रपति नियुक्त होने से पहले वह कई बार वाराणसी का दौरा कर चुके हैं। भारत में अपनी जड़ें महसूस करने वाले पृथ्वीराज सिंह ने करीब २० मिनट तक इमामबाड़े का दीदार किया और दोबारा इसे देखने के लिए आने की बात कहकर वह रवाना हो गए।

# सम्पादकीय

## वैचारिक सहमति की गुंजाइश

इंडोनेशिया के बाली हुए जी–२० शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी–२० में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान २००८ की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी। जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महत्त्वपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी–२० के बजाय दुनिया का ध्यान जी–७, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके। उन मंचों में कम से कम एक बात अवशय है कि वहां आने वाले देशों में हितों की समानता है, जिससे उनके बीच वैचारिक सहमति की भी अधिक गुंजाइश बनी हुई है।

# मेरे अपमान का बदला मैनपुरी में कमल खिलाकर लें कार्यकर्ता : केशव मौर्य

लखनऊ। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं से एक मार्मिक अपील की है। केशव मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष फिर लगातार दूसरी बार उप मुख्यमंत्री बनाया, तब से सपा मुखिया अखिलेश यादव मेरे लिए अपमान भरे शब्दों का प्रयोग सदन से लेकर सड़क तक कर रहे हैं। इसका बदला कमल खिलाकर लोकतांत्रिक ढंग से लें! केशव प्रसाद ने मैनपुरी की जनता से गुंडागर्दी और अराजकता से मुक्ति के लिए भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को लाखों वोटों के अंतर से विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव का सम्मान सभी करें, वोट कमल को दें। केशव प्रसाद मौर्य के आरोपों के कुछ ही देर बाद सपा ने उनके लिए बेहद हल्के शब्दों का प्रयोग कर प्रमाणित



कर दिया। समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के ट्वीटर एकाउंट से केशव प्रसाद मौर्य को चंदाचोरी और भ्रष्टाचार का आरोपी कहा गया। आगे भी बहुत कुछ लिखा है। सपा के मीडिया सेल ने जिन हल्के शब्दों का चयन किया है, उसे लिखा जान उचित नहीं है। हम उसे लिख नहीं सकते। आप सपा के सोशल मीडिया सेल के ट्वीटर अकाउंट पर जाकर देख जरूर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान भी नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य पर व्यक्तिगत टिप्पणी की थी। यहां तक कि केशव के पिताजी तक की बात भी आ गयी थी। इससे केशव प्रसाद मौर्य आहत हुए थे। अब केशव प्रसाद मौर्य का यह दर्द फिर से उभर आया है। केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि भाजपा जहां पिछड़ों का सम्मान कर रही है। वहीं सपा पिछड़ों का अपमान कर रही है। केशव प्रसाद मौर्य का कहना है जब से भाजपा ने उन्हें दोबारा उप मुख्यमंत्री बनाया है, तब से अखिलेश यादव उनका लगातार अपमान कर रहे हैं।

# भाजपा ने निकाय चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंकी

लखनऊ। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले भाजपा की सरकार और संगठन दोनों ने मिलकर चुनाव में पार्टी का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसकी शुरूआत प्रदेश के पश्चिम जिलों से की गई है। एक तरफ रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मेरठ में निकाय चुनाव जीतने को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक् कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहारनपुर से पश्चिम से पलायन और दंगों से मुक्त कराने की बात करके वहां निवेश से मिले रोजगार का जिक्र कर रहे थे। वे हिंदुत्व के सहारे मतदाताओं को साथ लेते नजर आए। नगर निकाय चुनावों को भाजपा २०२४ के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल मान रही है। इसीलिए सरकार और संगठन दोनों को चुनाव में लगाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से लेकर पार्टी के पदाधिकारियों को चुनाव की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पश्चिम के मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली बागपत सरीखे शहरों के लगातार प्रवास पर हैं। वहां दोनों पदाधिकारी निकाय चुनाव जीतने की रणनीति पर मंथन कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एक साथ पश्चिम में सभाएं करेंगे। इसके लिए कार्यक्रम अभी से बनाए जा रहे हैं।

# सईद नकवी की किताब 'कहां गए मुसलमान' ने उठाए कई सवाल

लखनऊ। लखनऊ बायोस्कोप ने मॉल एवेन्यू स्थित एक होटल में वरिष्ठ पत्रकार सईद नकवी की नई किताब 'कहां गए मुसलमान' का विमोचन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर सईद नकवी और शरत प्रधान के बीच पुस्तक के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। देश के वरिष्ठतम पत्रकारों में से एक सईद नकवी मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले हैं। इसी वजह से उन्होंने अपनी पुस्तक के विमोचन के लिए लखनऊ को चुना। यह उनकी चौथी किताब है। इस किताब में उन्होंने एक ऐसे समय का जिक्र किया है, जिसमें देश के सारे मुसलमान अचानक से गायब हो जाते हैं। अचानक से हुई इस घटना से देश में हलचल मचती है और यह सवाल खड़ा हो जाता है कि क्या देश में धर्म के नाम पर होने वाली समस्याओं का खात्मा होगा या फिर हमारा सामना कुछ ऐसी दिक्कतों से होगा, जिनके बारे में कभी सोचा ही नहीं गया। अंग्रेजी



और हिन्दी भाषा में प्रकाशित की गई इस किताब के बारे में सईद नकवी से तमाम सवाल पूछे गए जिनका उन्होंने जवाब दिया।

# किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा : कांग्रेस

लखनऊ। खरीफ फसलों की कटाई के बाद किसान रबी फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में खाद न मिलने की स्थिति में रबी फसलों की बुवाई में देरी हो सकती है। इसका असर फसल की उपज पर भी पड़ सकता है। पूर्वांचल, मध्यांचल में कानपुर से लेकर बाराबंकी तक, इटावा से लेकर चंदौली तक किसानों को खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल बुंदेलखंड के किसानों का भी है। इसके बावजूद सरकार किसानों पर ध्यान नहीं दे रही है। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि खाद केंद्रों पर खाद न मिलने पर किसानों द्वारा जगह–जगह विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिल रहा है। योगी सरकार लगातार अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए अधिकारियों से पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता का झूठ बुलवा रही है, जबकि उत्तर प्रदेश कांग्रेस लगातार खाद केंद्रों पर पैनी नजर रखे हुए हैं और जिम्मेदार अधिकारियों से किसानों को समुचित खाद दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता लगातार किसानों के बीच जा करके उनकी समस्याओं से प्रदेश सरकार के अधिकारियो को अवगत भी करा रहे हैं, परंतु प्रदेश सरकार के कान में कोई जूं तक नहीं रेंग रही। सरकार के अधिकारीगण लगातार मीडिया प्लैनिंग मैनेजमेंट और इवेंट के माध्यम से योगी सरकार को किसानों का हितेषी दिखाने का झूठा नाटक कर रहे है, जबकि सच्चाई सरकारी दावों के बिल्कुल उलट है।

# फंदे से लटकता मिला युवती का शव

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शनिवार की सुबह एक २२ वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। इस घटना से परिजनों के होश उड़ गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सरोजनीनगर के अमौसी गांव निवासी मजदूर रमेश पाल की २२ वर्षीय पुत्री का शव घर के कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला। सुबह जब उसकी मां सो कर उठी और देखा की बेटी बेबी पंखे के हुक से लटकी हुई है तो उसके होश उड़ गए और वह जोर–जोर से चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य व पड़ोसी उसके पास पहुंच गए। इसके बाद परिवारिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद बेबी के शव को फांसी के फंदे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, सरोजनीनगर थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्य का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सहीं कारणों का पता चल सकेगा। बेबी ने यह कदम क्यों उठाया इसकी जांच की जा रही है।

# चौरिटी म्यूजिक कंसर्ट के नाम पर ठगी, कंपनी हुई फरार

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में सिने प्रेमियों को लाइव प्रोग्राम दिखाने के नाम पर अनलाइन टिकट बुक कराने वाली कंपनी आयोजन के एक दिन पहले फरार हो गई है। कंपनी के जिम्मेदार लोगों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। सुशांत सिटी थाना में इस मामले में केस दर्ज कराने की तैयारी है। इस कंसर्ट के आयोजन स्थल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम के प्रबंधकों को एडवांस पैसा मिलने का इंतजार है। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में २० तारीख नामी फिल्मी सितारों का लाइव प्रोग्राम देखने के लिए टिकट बुक कराने वालों को खासी निराशा हाथ लगी है। यहां पर अभिनेता टाइगर श्रॉफ, अभिनेत्री सनी लियोनी के साथ म्यूजिक डायरेक्टर हिमेश रेशमिया और सिंगर सचेत व परंपरा सहित कई बड़े सितारों वाला एक चौरिटी म्यूजिक कंसर्ट होना था। इसका आयोजन करने वाली कंपनी लोगों को चपत लगाकर फरार हो गई है। अब बुक माय शो पर टिकट मिलना बंद हो गया है। कंपनी का सभी डाटा आनलाइन दिखना बंद हो गया है। टिकट बुक माई शो पर बुक हुए हैं। लखनऊ में श्री सुविधा फाउंडेशन ट्रस्ट ने चौरिटी शो का आयोजन किया था। व्यापक पैमाने पर प्रचार भी किया गया। अब ट्रस्ट के मुख्य कर्ताधर्ता समीर शर्मा और विराज त्रिवेदी फोन स्विच आफ करके फरार हैं। इस बड़े आयोजन के लिए इकाना स्टेडियम को १.५ करोड़ रुपए बुक कराने की योजना बनी, लेकिन स्टेडियम बुकिंग के नाम पर एडवांस भी नहीं दिया गया। लाइव चौरिटी शो के लिए टिकट की कीमत ४६६ रुपए से लेकर छह हजार रुपए तक रखी गई थी। बुक माय शो के मध्यम से टिकट बिके भी थे। इस शो का आयोजन कराने वाली गुजरात की कंपनी का लखनऊ के सदर इलाके दफ्तर भी है। इसके साथ लखनऊ में डिलीशियस डिलाइट नाम का एक रेस्टोरेंट भी है। मालिकों से संपर्क ना होने के कारण इस कंपनी के साथ जुड़े इन्वेस्टर भी परेशान हैं। कंपनी लगातार सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से प्रचार भी कर रही थी। इकाना स्टेडियम के प्रबंध निदेशक उदय सिन्हा का कहना है कि इस कार्यक्रम के आयोजकों ने आज यानी १६ नवंबर को एडवांस देने की बात की थी। शुक्रवार शाम से ही आयोजक का फोन बंद जा रहा है। हमको तो अभी भी कार्यक्रम कैंसिल की कोई सूचना नहीं है। हमने तो इंतजाम कर रखा है। उन्होंने कहा कि आज तक का समय अगर नहीं भुगतान नहीं हुआ तो हम एनओसी नहीं देंगे और कल यह इवेंट भी नहीं हो पाएगा।




# सुरक्षित रेल संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे ने की तैयारी तेज

लखनऊ। कोहरे के दौरान सुरक्षित रेल संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे ने तैयारी तेज कर दी है। ट्रेनों में फॉग सेफ डिवाइस की जांच कर सही किया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे कर्मचारी कोहरे में संरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे ट्रैकों पर पर्याप्त संख्या में पटाखा रखा जा रहा है। कोहरे से प्रभावित क्षेत्र में चलने वाले सभी गाड़ियों के इंजनों पर फॉग सेफ डिवाइस की उपलब्ध ता की गई है। कोहरे में सिग्नल पता चले इसके लिए सिगनल साइटिंग बोर्ड, फॉग सिग्नल पोस्ट, व्यस्त समपार, लिफ्टिंग बैरियर पर पीले व काले ल्यूमिस स्ट्रिप लगाई जा रही है। स्पष्ट दृष्यता के लिए पेंटिंग कराई जा रही है। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेनों के संरक्षित संचालन के लिए मंडलों में पर्याप्त मात्रा में फॉग सेफ डिवाइस की आपूर्ति की गई है। लखनऊ मंडल को ३१५, इज्जतनगर मंडल को १८५ वाराणसी मंडल को ४१५ सभी इंजनों में फॉग सेफ डिवाइस का लगाने के निर्देश दिए हैं। कोहरे के मौसम में कार्य करने वाले सिग्नल मैन को प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्टेशनों पर कार्यरत स्टेशन मास्टरों को कोहरे के मौसम में गाड़ी का लाइन क्लीयर देने से पहले दृष्यता की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। कोहरे के मौसम में अनुमोदित डिजाइन की फ्लैशर टेल लाइट वाली लाल एलईडी लाइट, फ्लैशिंग टेल लैम्प गाड़ियों के पिछले अंतिम एसएलआर में लगाया जाएगा। लोको पायलटों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ट्रेन को नियंत्रित गति से चलाते हुए अचानक आने वाले किसी भी अवरोध पर रुकने के लिए सावधान रहें। समपारों को नियंत्रित गति से लगातार सीटी बजाते हुए पार करें। प्रत्येक लोको पायलट के पास प्रत्येक स्टेशन से पहले स्टाप सिग्नल का लोकेशन, किमी चार्ट, कार्ड के रूप में समय में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी पर्यवेक्षक को कोहरे के मौसम में नियमित अंतराल पर संरक्षा अभियान, फुट प्लेटिंग, औचक निरीक्षण, रात्रि निरीक्षण करेंगे ।

# स्वयंसेवकों ने शुरू किया मिट्टी बचाओ अभियान

लखनऊ। राजधानी में रविवार की सुबह मिट्टी बचाओ अभियान शुरू हुआ। मिट्टी बचाओ अभियान से जुड़े स्वयंसेवकों ने पुराने लखनऊ के छोटे इमामबाड़े से घंटाघर और रूमी गेट होते हुए बड़े इमामबाड़े तक मिट्टी बचाओ अभियान वाकथान में हिस्सा लिया। सद्गुरु द्वारा शुरू किया गया मिट्टी बचाओ अभियान वैश्विक अभियान है। इस अभियान का मकसद लोगों को मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना है। इस अभियान के तहत दुनिया भर के लोगों को साथ लाकर मिट्टी के संकट को दूर करना है। सभी देशों के नेताओं को खेती योग्य मिट्टी में जैविक सामग्री को बढ़ाने की दिशा में राष्ट्रीय नीतियों और कार्यों को स्थापित करने के लिए समर्थन जुटाना है। खाद्य और कृषि संगठन का अनुमान है कि आगामी २०५० तक जलवायु परिवर्तन और मिट्टी के विलुप्त होने से कुछ इलाकों में फसलों की उपज ५० फीसदी तक कम हो जाएगी। इस अभियान का लक्ष्य दुनिया में षि भूमि में न्यूनतम तीन से छह प्रतिशत जैविक तत्व लाने के लिए नीति बनाने के लिए दबाव बनाना है। दुनिया के ८२ देशों ने मिट्टी को विलुप्त होने से बचाने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश समेत भारत के नौ राज्यों ने अपने राज्य में मिट्टी को बचाने के लिए समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए हैं।

# सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। विश्व सड़क दुर्घटना मृतक स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को कंज्यूमर गिल्ड व कंज्यूमर वॉयस संस्था की ओर से परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर विभूतिखंड स्थित एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से परिवहन विभाग के ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम सिंह, टीआई योगेन्द्र यादव, कंन्यूमर वॉयस संस्था के सलाहकार हेमंत उपाध्याय, पीयूष गुप्ता, प्रोफेसर भरत राज सिंह समेत कई सामाजिक व गैर सरकारी संगठनों, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि, अधिवक्तागण आदि उपस्थित थे। इस दौरान सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यशाला में सड़क सुरक्षा में मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम २०१६ के प्रभावी प्रवर्तन व सड़क सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए कंज्यूमर गिल्ड संस्था के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष २०३० तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़े को ५० प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने में उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका है। अभिषेक ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभीहित धारकों की भूमिका निभाने व समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। अभिषेक ने कहा कि मोटर वाहन संशोधन अधिनियम २०१६ के सड़क सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का व्यापक प्राचार–प्रसार करने की आवश्यकता है। मौके पर शुभम सोती फाउंडेशन के संस्थापक आशुतोष सोती ने कहा कि हमें सडक हादसों में जान गंवाने वालों को याद करते हुए चिंतन करने की आवश्यकता है कि ऐसी घटनाएं भविष्य में किस प्रकार से कम हों। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने १०६० चौराहे पहुंचकर सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# १३वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एमआई सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन विल्डिंग की १३वीं मंजिल से गिरकर एक मजदूर घायल हो गया। जिसे साथी मजदूरों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम कुम्हना जिला लखीमपुर खीरी निवासी हरिशंकर मिश्रा (२६) सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज स्थित एमआई सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन बिल्डिंग की १३वीं मंजिल पर सरिया बंधने का काम कर रहा था। सुबह करीब ११ बजे उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। आनन–फानन में साथी मजदूर उसे इलाज के लिए सिविल ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# पार्श्वनाथ धाम में भगवान आदिनाथ की 21 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास


लखनऊ। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज की देखरेख में काकोरी स्थित भगवान पार्श्वनाथ धाम में भगवान आदिनाथ की २१ फुट ऊंची प्रतिमा का रविवार को शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाष्टक से की गई। इसके बाद महिलाओं ने मंगलाचरण किया। भिलाई से आये आचार्य श्री के ब्रह्मचारी भैया अभिषेक इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। अखिलेश शास्त्री ने शिलान्यास की औपचारिकताएं पूरी कराईं। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के संगीत के जरिए किए गए पूजन के बाद गोमतीनगर के अशोक जैन, आशा जैन तथा जेके जैन और डालीगंज से आए भक्तों ने सबसे पहले शिलान्यास किया। भक्तों ने वेदी में शिला रखकर पुणे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सिंधौली के अरविंद जैन, बाराबंकी के जयकुमार जैन, उन्नाव के अमित जैन, लखनऊ के इंजीनियर विवेक कुमार जैन, इंजीनियर विशाल जैन, राहुल जैन, विनय जैन, संदीप जैन, कैलाश चंद्र भारती और नरेंद्र बड़जात्या आदि मौजूद रहे।

# तापमान में आई गिरावट, बढ़ रही ठंड

लखनऊ। राजधानी समेत पूरे यूपी में बीते तीन दिनों से ठंड बढ़ गयी है। सुबह के समय तापमान में गिरावट और कोहरा भी देखा जा रहा है। वहीं रविवार को राज्य में मौसम सामान्य रहने की संभावना व्यक्त की गई है। जबकि मौसम विभाग के अनुसार कुछ जगहों पर घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते ठंड बढ़ गयी है। राजधानी लखनऊ में बीते दो दिनों से तेज हवाओं से यहां ठंड बढ़ी है। रविवार को न्यूनतम तापमान २१ डिग्री और अधिकतम तापमान २६ डिग्री रहने की संभावना है।

# राजधानी में डेंगू थमने का नहीं ले रहा नाम, ४६ नये मरीज मिले

लखनऊ । राजधानी में डेंगू थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीमारी ने एक और युवक की जान ले ली है। शुक्रवार रात गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने युवक के मौत की वजह जानने के लिए अस्पताल से जानकारी मांगी है। दरअसल, मोहनलाल गंज स्थित मऊ निवासी ३० वर्षीय फहीम कुरैशी को बीते सोमवार को तेज बुखार आया था। स्थानीय अस्पताल में इलाज कराने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ । इस दौरान डेंगू की जांच हुई। जांच रिपोर्ट पजिटिव आई। इसके बाद मरीज को सांस लेने की तकलीफ हो रही थी। हालत बिगड़ने पर परिजन मरीज को लेकर गोमती नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां पर मरीज को भर्ती कर चिकित्सकों ने इलाज शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि मरीज को प्लेटलेट्स भी चढ़ाया गया,लेकिन सेहत में सुधार नहीं आया। शुक्रवार देर



रात मरीज ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, शनिवार को आई जांच रिपोर्ट में राजधानी के ४६ लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा मरीज अलीगंज और चन्दरनगर क्षेत्र में पाये गये हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मच्छर जनित स्थितियां पाये जाने पर १४ घरों को नोटिस जारी किया है। दरअसल,नवंबर महीने में लगातार डेंगू पीड़ित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। अब तक ६०० के करीब मरीज डेंगू पजिटिव आ चुके हैं। यह संख्या तब है जब स्वास्थ्य विभाग डेंगू नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास करने की बात कह रहा है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कोशिश फेल नजर आ रही है। शनिवार को आई जांच रिपोर्ट में सबसे अधिक मरीज अलीगंज व चंदरनगर इलाके में मिले हैं, यहां पर छह–छह मरीज मिले हैं। वहीं टूडियागंज, ऐशबाग, एनके रोड,रेडक्रास, सिल्वर जुबली क्षेत्र में चार– चार डेंगू पीड़ित पाये गये हैं। इसके अलावा मलिहाबाद, माल, बीकेटी, इंटौजा, काकोरी, गुडम्बा और चिनहट इलाके में दो– दो मरीज डेंगू के मिले हैं।

# शाहनजफ इमामबाड़े से बोर्ड हटने पर भड़के मुस्लिम धर्मगुरु

लखनऊ। केंद्रीय संरक्षित स्मारक गाजीउद्दीन हैदर का मकबरा से बोर्ड हटाने की घटना की जानकारी होने पर मुस्लिम धर्मगुरु यासूब अब्बास ने नाराजगी व्यक्त की है। मुस्लिम धर्मगुरु ने इससे पहले शाहनजफ इमामबाड़े के नाम बदले जाने पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की। लखनऊ में मुस्लिम के शिया समुदाय के मध्य शाहनजफ इमामबाड़ा अहम स्थान रखना है। शहर के मध्य बने शाहनजफ इमामबाड़ा को देखने के लिए दूसरे देशों से भी लोगों का आना जाना रहता है। बीते दिनों केन्द्रीय संरक्षित स्मारक ने शाहनजफ इमामबाड़ा के सामने गाजीउद्दीन हैदर का मकबरा नाम से एक बोर्ड लगा दिया। बोर्ड पर केन्द्रीय संरक्षित स्मारक का लोगों भी बना हुआ था। बोर्ड के संबंध में मौलाना यासूब व अन्य मौलानाओं को जानकारी होने के बाद उन्हें नाराजगी जाहिर कर अपने बयान दिये। उन्होंने दो टूक कहा कि जो नाम पहले से चला आ रहा है और जिसे देश दुनिया जानती है, उसको ही चलन में रखा जाना



उचित होता है। फिर गुगल पर भी सर्च करने पर शाहनजफ इमामबाड़ा उभर कर आता है। रविवार को सुबह उक्त मामले में पुलिस विभाग के अधिकारियों से भी मौलानाओं ने चर्चा की और बोर्ड को हटाने जाने के मामले में पुलिस सतर्कता पर प्रश्न चिन्ह लगाये। वहीं बोर्ड के बारे में उलेमा की बैठक में तय करने की बात कही।

# निजी कंपनी पर मेहरबानी, परिवहन विभाग को हर माह पांच लाख अधिक रुपये की चपत लगने का खुलासा

लखनऊ। स्मार्ट कार्ड में ड्राइविंग लाइसेंस प्रिंट करने से लेकर डाक से डिलेवरी कराने की व्यवस्था संभालने वाली निजी कंपनी का खेल उजागर हो गया है। स्मार्ट चिप कंपनी पर परिवहन विभाग की मेहरबानी से हर माह पांच लाख अधिक रुपये की चपत लगने का खुलासा समिति की रिपोर्ट से हुआ है। डीएल प्रिंट होने के बाद केएमएस यानी की मैनेजमेंट सिस्टम को अपलोड करने के लिए विभाग के डेढ़ दर्जन कर्मचारी प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों से बुलाकर मुख्यालय पर तैनात किए गए हैं। जबकि मैनेजमेंट सिस्टम के लिए समझौते के मुताबिक सहायक संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अधिकृत किया गया है। क्षेत्रीय कार्यालयों से नियम विरुद्ध ड्यूटी लगाए जाने के कारण वेतन सहित यात्रा भत्ता के रूप में पांच लाख से अधिक हर माह का भुगतान विभाग को करना पड़ रहा है। यहीं नहीं इस मामले में पूर्व में परिवहन कर्मचारी संघ की ओर से परिवहन विभाग के अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद समितित की जांच में इस मनमानी का खुलासा हुआ। स्मार्ट चिप कंपनी और परिवहन विभाग के बीच कई समझौते हुए थे। जिसमें डीएल आवेदकों की सुविधा के लिए मुख्यालय पर हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम बनाना था। प्रदेश भर के आरटीओ कार्यालय पर जनरेटर और कम्प्यूटर सिस्टम लगाना था। जोकि कंपनी और विभागीय अफसरों की मिली भगत से सभी सुविधाएं कागजों पर दौड़ रही है। इस सम्बन्ध में परिवहन विभाग के उप परिवहन आयुक्त आईटी सगीर अहमद अंसारी ने बताया कि समिति की रिपोर्ट में यह मामला सामने आया है। आईटी अनुभाग के जरिए परिवहन आयुक्त के समक्ष यह मामला रखा जाएगा। साथ ही समझौते की समीक्षा भी जल्द ही की जाएगी।

# लेदर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

उन्नाव। यूपी के उन्नाव जिले के औद्योगिक क्षेत्र में एक लेदर फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से रविवार को आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल ने फैक्ट्री के कर्मियों को बाहर निकालकर आग बुझाने का प्रयास किया।औधोगिक चौकी क्षेत्र के अंतर्गत चौधरी ओवरसीज लास्टिंग डिपार्टमेंट फैक्ट्री में अचानक एक कमरे में रखे लेदर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगते ही भयंकर रूप से धुआं निकलने लगा। फैक्ट्री परिसर में मौजूद कर्मचारियों में अफरा–तफरी का माहौल हो गया। आनन फानन कर्मचारी बाहर निकले। आग की लपटें देख दही थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चौकी इंचार्ज प्रशांत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी। फैक्ट्री में लगे सबमर्सिबल पंप से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग और बढ़ती गई। ऐतिहात के तौर पर बिजली सप्लाई को बंद कराया गया। फिलहाल अभी आग लगने से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल और स्थानीय पुलिस आग बुझाने का प्रयास कर रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आग लगने से लाखों रुपए का लेदर जलकर राख हो गया है।वही आग पर काबू पाने की व्यवस्था सुपर हाउस चौधरी ओवरसीज में पर्याप्त न होने की स्थिति में स्लाटर हाउस की ओर से मदद को हांथ बढ़ाया गया, पानी की पर्याप्त व्यवस्था पहुंचाकर भीषण आग पर काबू करने में मदद पहुंचाई गई।

# १४वीं नेशनल कुंगफू चौम्पियनशिप का आगाज

लखनऊ। इंडियन कुंगफू एसोसिएशन के अंतर्गत रविवार को राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश कुंगफू एसोसिएशन ने१४वीं नेशनल कुंगफू चौंपियनशिप का आयोजन किया। इस तीन दिवसीय चौंपियनशिप में कुल १६ राज्यों से ४०० खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। जिसमें बालक, बालिका,पुरुष और महिला खिलाड़ी शामिल है। १४वीं नेशनल कुंगफू चौंपियन शिप का शुभारंभ दयाल ग्रुप के सीएमडी राजेश सिंह और देश के विख्यात हकी ओलंपियन के डी सिंह बाबू के बेटे विश्व विजय सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं इस अवसर पर विश्व विजय सिंह जी ने विजेता टीम को १ लाख रुपए देने की घोषणा भी की। बता दें कि इस प्रतियोगिता में मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, बिहार, राजस्थान, कर्नाटक, केरला, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली,



हरियाणा, उत्तर प्रदेश राज्य से ४०० खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। इस दौरान आज प्रतियोगिता के पहले दिन सब जूनियर और जूनियर वर्ग के अलग–अलग भार वर्गों की प्रतियोगिता फाइट के कई मुकाबले खेले गए। चौम्पियनशिप के जज और अर्गनाइजिंग मेंबर अंशुल गौरव ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में इंडो नेशन प्रोसेस रखा गया है। इंडो नेशन प्रोसेस के तहत चौंपियनशिप की हेड जजिंग नेपाल बडी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंडो नेशन प्रसेस चौंपियनशिप को बृहद रूप देने के लिए किया गया है और कुंगफू को नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए नेपाल और कई देशों का साथ होना बहुत जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि २२ नवंबर को चौंपियनशिप के समापन के दिन तेलेगु मेगा स्टार सुमन तलवार उपस्थित होंगे और उन्हीं के कर कमलों द्वारा समापन किया जाएगा।

# 'पसमांदा मुस्लिम समाज' को लेकर मायावती का तंज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुस्लिम पसमांदा समाज सम्मेलन आयोजित करने पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को इसे भाजपा व आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) का नया शिगूफा बताया। बसपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट किया,' केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर 'पसमांदा मुस्लिम समाज' का राग भाजपा व आरएसएस का अब नया शिगुफा है। मुस्लिम समाज, पहले मुसलमान हैं तथा उनके प्रति, इनकी (भाजपा, संघ) सोच, नीयत, नीति क्या है, यह किसी से भी छिपा नहीं।' उन्होंने कहा,'भाजपा की मुस्लिम समाज के प्रति नकारात्मक सोच का परिणाम है कि इनकी सरकार में भी वे लगभग उतने ही गरीब, पिछड़े, त्रस्त एवं जान–माल–मजहब के मामलों में असुरक्षित हैं जितने वे कांग्रेसी राज में थे। मुस्लिम समाज का, दलितों की तरह उपेक्षित रहना अति–दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण।' गौरतलब हैं कि पिछले सप्ताह मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र रामपुर में उपचुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी ने लाभार्थी सम्मेलन के रूप में पसमांदा मुसलमानों की भीड़ जुटाई थी। इस सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रामपुर के गांधी स्टेडियम में मुस्लिमों की एक जनसभा को संबोधित किया था। भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ऐसे कई सम्मेलन करने की योजना हैं।

# कुलपति प्रो. विनय पाठक के खिलाफ एसटीएफ की जांच ने रफ्तार पकड़ी

लखनऊ। कमीशनखोरी के आरोपों में फंसे कानपुर की छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी (सीएसजेएमयू) के कुलपति प्रो. विनय पाठक के खिलाफ एसटीएफ की जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। एसटीएफ की ओर से जारी किए गए नोटिसों पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति व अन्य अधिकारी धड़ाधड़ एसटीएफ मुख्यालय में पहुंच रहे हैं। पूछताछ के क्रम में एसटीएफ के सामने प्रो. विनय पाठक के कई काले कारनामे खुल रहे हैं। वदित हो कि प्रो. विनय पाठक के मामले को लेकर जांच के बाद एसटीएफ की ओर से पूछताछ के लिए करीब २२ लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इनमें कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रति कुलपति, वित्त अधिकारी आदि शामिल थे। गत शुक्रवार को भी चार विश्वविद्यालयों के कुलपति ने एसटीएफ मुख्यालय पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए थे। सूत्रों के अनुसार शनिवार को भी तीन लोगों ने मुख्यालय पहुंचकर एसटीएफ के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए हैं। नोटिस के सापेक्ष अबतक कुल १३ लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। जांच के क्रम में एसटीएफ को पता चला है कि प्रो. विनय पाठक का न सिर्फ उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, बल्कि आसपास के प्रदेशों उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश,



चंडीगढ़, दिल्ली तक के कई विश्वविद्यालयों में नेटवर्क फैला हुआ था। एसटीएफ को विभिन्न विश्वविद्यालयों के दस्तावेजों की जांच के क्रम में पता चला है कि प्रो. विनय पाठक बड़े टेंडरों के लिए कुलपतियों से सिफारिशें करते थे। प्रो. विनय पाठक के नई दिल्ली तक नेटवर्क के चलते कई कुलपति उनके कहे अनुसार टेंडर प्रक्रिया में ढील भी देते थे। न सिर्फ एकेटीयू, सीएसजेएमयू व आगरा यूनिवर्सिटी, बल्कि कई और यूनिवर्सिटी में भी प्रो. विनय ने अपने करीब अजय शर्मा की एजेंसियों को सिफारिशों के दम पर नियमों का उल्लंघन कर टेंडर दिलवाए थे। इसके पीछे कमीशनखोरी का बड़ा खेल था। एसटीएफ को अब तक प्रो. विनय पाठक की वर्तमान लोकेशन के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि प्रो. विनय गुजरात में छिपा हुआ है। गुजरात में कई जगहों पर दबिश दी गई पर कोई सुराग नहीं मिला। अब कयास लगाये जा रहे हैं कि प्रो. विनय पाठक गिरफ्तारी के डर से विदेश भाग गया है। फिलहाल एसटीएफ तकनीकी सेल की मदद से उसकी खोजबीन करने में जुटी हुई है। एसटीएफ के एसएसपी विशाल विक्रम के मुताबिक, प्रो. विनय पाठक के प्रकरण में २२ लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस किया गया था। कई लोगों ने मुख्यालय पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। शेष लोगों को भी रिमाइंडर भेजा जाएगा कि वे जल्द से जल्द अपने बयान दर्ज कराएं।

# विद्युत मजदूर संगठन का ७३वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

लखनऊ। राजधानी के डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान में शनिवार को विद्युत मजदूर संगठन और




विद्युत संविदा मजदूर संगठन का ७३वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। संगठन का ७३वां सम्मेलन पूर्व विधायक शशि शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुबह से चल रहे इस सम्मेलन के दौरान विद्युत मजदूर संगठन और विद्युत संविदा मजदूर संगठन के १२ प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर शक्ति भवन पहुंचे। जहां उन्होंने सम्मेलन में सर्वसम्मति से पारित १२ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा विद्युत मजदूर संगठन और विद्युत संविदा मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगों को लेकर सरकार और प्रबंधन द्वारा २७ नवम्बर तक समाधान नहीं निकाला गया तो २८ नवम्बर से अनिश्चितकालीन प्रदेश व्यापी कार्य बहिष्कार करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगें साल २००० से पुरानी पेंशन की बहाली,नियुक्ति ग्रेड पे ३००० रुपये,६६०० रुपये तृतीय टाईम स्केल, टीजी२ को प्रथम टाईम स्केल जूनियर इंजीनियर का पद देना, संविदा श्रमिक को २२ हजार और लाईन मैन एसएसओ को २५ हजार वेतन, दुर्घटना पर २५ लाख मुआवजा, ५ वर्ष के अनुभव पर संविदा कर्मियों को नियमित पदों पर समायोजित करना समेत कुल १२ मांगें हैं जो सरकार और प्रबंधन को भेज दी गई है।इसके अलावा सम्मेलन में गंगाधर त्रिपाठी, बिमल चन्द्र पान्डे, पुनीत राय, शैलेंद्र कुमार, सैयद शोएब हसन,अजय शाही, अजय भट्टाचार्य, आर पी गुप्ता, इन्द्रेश राय, वेदप्रकाश राय समेत कई प्रमुख मजदूर नेता मौजूद रहे।

# यूपी में रद्द की गईं पुलिसकर्मियों की छुट्टियां

लखनऊ। यूपी में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। इस आदेश के बारे में एडीजी ल एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के ध्टिगत सभी प्रकार के पुलिस कर्मियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक रोके जाते हैं। हालांकि विशेष मामले में जरूरत के अनुसार अवकाश स्वींत किया जा सकता है। बताते चलें कि यूपी में उपचुनाव होने वाले हैं। जिसके लिए पांच दिसम्बर को वोटिंग होगी और आठ दिसम्बर को काउंटिंग की जायेगी। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां इन चुनावों के चलते ही रद्द की गयी हैं। इसके आलावा उपचुनाव के बाद निकाय चुनावों को संपन्न कराने का आदेश भी आयोग की तरफ से जारी हो सकता है। इसके चलते भी पुलिसकर्मियों के अवकाश रद्द किये गए हैं।

# नशेबाजी से तंग आकर गोमती नदी में युवक ने लगाई थी छलांग

लखनऊ। नशे की लत से तंग आकर एक युवक ने गोमती नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। दो दिन बाद शनिवार दोपहर उसका शव गोमती बैराज के समीप नदी में उतराता मिला। परिजनों की शिनाख्त पर युवक की पहचान सुल्तानगंज चौकी क्षेत्र के निवासी विनीत (४०) के रूप में हुई है। शव देखकर विनीत के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी देते हुए हजरतगंज कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र मिश्र ने बताया कि शनिवार दोपहर सूचना मिली कि गोमती बैराज के नीचे नदी में एक युवक का नग्न शव नदी में तैर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। सुल्तानगंज में दो दिन पूर्व एक युवक की गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज हुई थी, इसके आधार पर परिजनों को बुलाया तो उन्होंने शव की शिनाख्त सुल्तानगंज निवासी विनीत के रूप में की। मृतक की पत्नी और साले ने बताया कि विनीत शराब का लती थी और उसकी किडनी व लीवर खराब हो चुके थे। कुछ ही दिन पूर्व वह अस्पताल से इलाज कराकर घर लौटा था।घर लौटने के बाद भी उसने शराब पीना जारी रखा। इसी बात को लेकर गत बुधवार रात घर में उसका परिजनों से काफी झगड़ा हुआ। जिससे क्षुब्ध होकर गुरुवार सुबह उसने गोमती नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को उसका शव गोमती बैराज से बरामद हुआ। शराब की लत के चलते मृतक बेरोजगार था।

# अदालत ने सुफियान को १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

लखनऊ। धर्म परिवर्तन से इंकार करने पर निधि की हत्या करने के आरोपी सुफियान को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार गुप्ता ने आगामी ३ दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं हत्या की घटना के बाद लगातार फरार चल रहे सुफियान को पुलिस बल पर प्राण घातक हमला करने के आरोप में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आरिफ खान २ दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा है। सुफियान को अपरान्ह एंबुलेंस से अदालत में पेश करने के लिए लाया कोर्ट लाया गया। जिसकी खबर लगते ही वकीलों ने उसे घेर लिया तथा हंगामा करना शुरू कर दिया। नाजुक स्थिति को देखते हुए पुलिस बल बुलाकर किसी तरह से सुफियान को एंबुलेंस के अंदर ही रखा गया। जहां पर आकर दोनों न्यायिक अधिकारियों ने उसका न्यायिक रिमांड स्वीकृत किया। इस दौरान लगातार नारेबाजी होती रही। अदालत में विवेचक द्वारा बताया कि आरोपी ने वादिनी की पुत्री निधि पर धर्म परिवर्तन कर विवाह करने के लिए नाजायज दबाव डाला गया तथा उसके द्वारा न मानने पर १५ नवंबर को सायं करीब ६ बजे आरोपी ने वादिनी की पुत्री का पीछा कर डूडा कालोनी की चार मंजिला बिल्डिंग से गिरा दिया था। जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। कहा गया है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चला था। जिसे १८ नवंबर को एक पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से नाजायज तमंचा भी बरामद हुआ था।

# कार ठेले से टकराने के बाद गुस्साये मालिक ने युवक को जड़ा थप्पड़

लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित किराए के मकान में रहकर कस्बे में ही ममोज बेचने वाले धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार को कमरे से हाइवे की एक पटरी के किनारे किनारे ठेले में सामान रखकर तहसील के पास अपनी दुकान लगाने जा रहा था। गोसाईगंज मोड़ के पास रायबरेली से लखनऊ जा रही महिन्द्रा एसयूवी कार ने ठेले से सटाकर निकालने पर कार में हल्की खरोच लग गई। जिसके बाद कार से गुस्से में उतरे मालिक ने उसके गला पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान आस–पास मौजूद दुकानदारों व राहगीरों ने पिटाई करने का विरोध किया तो कार मालिक उनसे भी भीड़ गया। जिसके बाद दुकानदारों ने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार समेत मालिक व पीड़ित ठेला संचालक को थाने लेकर गई। हालांकि इस दौरान कार मालिक ने अपने जानने वाले कुछ लोगों को कोतवाली बुला लिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार मालिक समेत कार लेकर चले गए। वही ठेला संचालक युवक भी मायूष होकर बिना कार्रवाई थाने से वापस लौट गया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया कार मालिक द्वारा युवक की पिटाई का मामला संज्ञान में आया है। पीड़ित के द्वारा लिखित शिकायत करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शीतकालीन सत्र के बाद ही सीएम, डिप्टी सीएम व मंत्री विदेश यात्रा पर जाएंगे

लखनऊ। लखनऊ में अगले साल १० से १२ फरवरी तक आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों को रिझाने और उन्हें आमंत्रित करने के लिए विदेश जाने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यक्रमों में तब्दीली की गई है। पहले मुख्यमंत्री को २८ नवम्बर को अमेरिका और ब्रिटेन के दौरे पर और दोनों उप मुख्यमंत्रियों को २६ नवम्बर से पांच दिसम्बर तक विदेश के विभिन्न शहरों पर रहना था। लेकिन अब मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री ५ दिसम्बर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र के बाद ही विदेश यात्रा पर जाएंगे। इन सभी का संशोधित कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अब अगले दिसम्बर महीने में २० देशों के २१ शहरों में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक और कुछ मंत्री रोड



शो करने के अलावा विदेशी निवेशकों तथा विदेशी कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर यूपी में निवेश की अपार संभावनाओं के बारे में उन्हें जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व मंत्रियों के साथ जाने के लिए शासन के अधिकारियों की सूची भी तैयार की जा रही है। मंत्रियों के साथ जाने के लिए ज्यादातर अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों व सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इस समिट के जरिए सीएम योगी ने यूपी में १० लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य को पाने के लिए आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों के मद्देनजर २२ नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नई दिल्ली में समिट की पूर्व भूमिका (कर्टेन रेजर) प्रस्तुत करेंगे। सुषमा स्वराज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में इसमें विदेशी के चार दर्जन राजदूत, ४० औद्योगिक कंपनियों के मुख्य प्रबंध निदेशक व नीति आयोग के सदस्य मौजूद रहेंगे।

# निदेशक का पक्ष सुनने के बाद चार विभागों की मान्यता की तस्वीर अगले सप्ताह होगी साफ

लखनऊ। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के चार विभागों की मान्यता की तस्वीर अगले सप्ताह साफ हो सकेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि शैक्षणिक सत्र २०२२–२३ में दाखिले की अनुमति भी इसके बाद मिल सकती है। नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) ने आयुर्वेदिक निदेशक को २२ नवंबर को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है। दरअसल, राजधानी के टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के चार विभागों की मान्यता रद्द कर दी गई थी। जिससे पीजी की सीटों पर खतरा मंडराने लगा । मान्यता रद्द होने से पीजी की सीटों पर दाखिले नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य कालेजों में भी यूजी व पीजी के कई विभागों की मान्यता रद हुई थी। आयुर्वेद निदेशक ने एनसीआईएसएम के इस फैसले को लेकर अपील की थी। इसी पर एनसीआईएसएम ने आयुर्वेद निदेशक को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है। भारत सरकार के नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन की टीम ने राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय




समेत प्रदेश के अन्य कालेजों का निरीक्षण किया था। जिसके बाद कालेज में मौजूदा संसाधनों व व्यवस्थाओं का पूरा ब्योरा एकत्र किया। इसी निरीक्षण के दौरान राजधानी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में शिक्षकों की संख्या कालेज में मानक के अनुरूप न मिलने पर चार विभागों रचना शरीर ,क्रिया शारीर, कौमारभृत्य, आयुर्वेद संहिता और सिद्धांत विषय विभागों की मान्यता रद करने की बात सामने आई थी। आयुर्वेद निदेशक डॉ.पीसी. सक्सेना ने बताया है कि लखनऊ स्थित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में चार विभागों में पीजी के दाखिले की अनुमति नहीं मिली है। इसके अलावा प्रदेश के और भी कालेज है वहां पर भी किसी न किसी वजह से यूजी व पीजी की मान्यता प्रभावित हुई है। जिसके बाद एनसीआईएसएम से यह अपील की गई थी कि जल्द ही संविदा पर भर्ती कर लखनऊ स्थित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जायेगा। इसके अलावा अन्य कालेजों में जो कमियां हैं,उनको भी आने वाले सत्र तक ठीक कर लिया जायेगा। जिसके बाद एनसीआईएसएम के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए २२ नवंबर का समय मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि छात्रों के भविष्य को देखते हुये एनसीआईएसएम से एक मौका जरूर मिलेगा।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें

लखनऊ। प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव की मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही हैं। बस्ती समेत कई जिलों के लोगों ने राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी शिकायत की है। बस्ती के वार्ड मिल्लतनगर निवासी सलमान अहमद ने आयोग कार्यालय पहुंचकर आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि उनके वार्ड में काफी मतदाताओं के नाम गायब कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ के जरिये उन्होंने जो नाम शामिल कराये थे, वे नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, जबकि जो नाम हटवाये गये थे, वे



नाम मतदाता सूची में अभी भी शामिल हैं। उन्होंने कानूनगो रजिस्ट्रार देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया गया है कि वह अपने रिश्तेदार को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह प्रदेश के विभिन्न जिलों से मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। लोगों ने इसकी शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग से की है। आयोग के अफसरों ने शिकायतें दूर करने का आश्वासन दिया है। बता दें कि निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन १८ नवंबर को चुका है।

# विश्व धरोहर स्मारकों की सूचीं में हैं शामिल यूपी के तीन स्थलः संयुक्ता भाटिया

लखनऊ। भारत में ४० ऐसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थल व स्मारक हैं जिन्हें विश्व धरोहर की स्मारकों की सूची में रखा गया है। उत्तर प्रदेश के तीन स्मारक आगरा का ताजमहल एवं आगरा का किला और फतेहपुर सीकरी के




स्मारक भी इस लिस्ट में सम्मिलित हैं। विश्व धरोहर सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य देश की सांस्कृतिक धरोहरों और स्मारकों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में लोगों को प्रोत्साहित करना और जागरूकता बढ़ाना है। यह बात लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया ने शनिवार से छतरमंजिल परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में शुरू हुए विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर कही। धरोहर सप्ताह (१६–२५ नवम्बर), का आयोजन पर उ.प्र. राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने परिसर में लगाई गई हमारी धरोहर , हमारी गौरव विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का उदघाटन भी किया। वरिष्ठ लोक साहित्यकार पद्मश्री विद्या बिन्दू सिंह भी उपस्थित थीं। विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। निदेशक ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने देश की विरासत स्थलों पर गर्व होना चाहिए व उनके संरक्षण के लिए आगे बढ़ना चाहिए। रेनू द्विवेदी ने बताया कि प्रदर्शनी में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर में सम्मिलित भारत के ४० सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्मारको, –स्थलों के छायाचित्रों के साथ ही साथ उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्मारकों के छायाचित्रों को भी प्रदर्शित किया गया। इसके पूर्व इसी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नारी शिक्षा निकेतन पी.जी. कालेज, नवयुग महिला पी.जी. कालेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज, ए.पी. सेन मेमोरियल कालेज एवं कालीचरण पी.जी. कालेज के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः आंचल पाण्डेय, प्रिया गुप्ता, प्रियांशी गुप्ता को दिया गया। वहीं अर्चना सोना एवं शिल्पी चौहान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह के साथ–साथ प्रमाण–पत्र वितरित किये गए। इससे पहले विभाग के सहायक पुरातत्व अधिकारी डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। विभाग के उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय ने धन्यवाद दिया। संचालन डॉ राजीव कुमार त्रिवेदी, सहायक पुरातत्व अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कालेज के शिक्षकों के साथ ही विभागीय अधिकारी व कर्मचारी आदि अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यजदान बिल्डिंग मामले में स्टे आर्डर लेकर पहुंचे वकील, नहीं रुकी कार्रवाई

लखनऊ। यजदान बिल्डर की इमारत को गिराने से रोकने के लिए रविवार को वकीलों की एक टीम कोर्ट का स्टे आर्डर लेकर पहुंची। सूत्रों के अनुसार इसके बावजूद लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को नहीं रोका है। वकीलों की टीम ने दिखाया कि मामले में कोर्ट से स्टे मिल गया है। जबकि एलडीए ने दलील दी कि जो कागज दिखाया गय उसमें संबंधित अधिकारी के साइन नहीं थे। वहीं वकीलों का कहना था कि यह आदेश पोर्टल पर भी आ गया है। एलडीए के काम नहीं रूकवाने पर वकीलों ने कोर्ट की अवहेलना करने की बात कही और कहा कि इसको लेकर भी वह लोग शिकायत करेंगे। फिलहाल बिल्डिंग गिराने का काम ऐसे ही चल रहा है। इससे पहले शनिवार को ३० से ज्यादा लोग बिल्डर की अलग–अलग मंजिल पर हथोड़े से कार्रवाई करने पहुंचे थे। पहले दिन जहां ऊपरी मंजिल को गिराया गया था। अब सभी मंजिल को गिराने का काम शुरू हो गया है। बताते चलें कि यजदान बिल्डर की इमारत को एलडीए ने अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की है। इसके खिलाफ तकरीबन ३५ आवंटियों ने अदालत में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि हमारा जो पैसा फ्लैट लेने में खर्च हुआ है उसे कौन वापिस करेगा।

# आसियान प्लस की बैठक के लिए कंबोडिया जांएगे राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से शुरू होने वाली आसियान प्लस रक्षा मंत्रियों (एडीएमएम प्लस) की बैठक में भाग लेने के लिए कंबोडिया जाएंगे। उप प्रधानमंत्री और कंबोडिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के निमंत्रण पर राजनाथ सिंह २२–२३ नवंबर को कंबोडिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। आसियान रक्षा मंत्री प्लस (एडीएमएम प्लस) बैठक के अध्यक्ष के रूप में कंबोडिया में ९वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है। राजनाथ सिंह २३ नवंबर, २०२२ को इस मंच को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के कहा कि वह कंबोडिया के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, एडीएमएम–प्लस बैठक और भारत–आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।इस वार्ता के दौरान, राजनाथ सिंह रक्षा सहयोग मामलों और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि, भारत–आसियान संबंधों के ३० साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारत और कंबोडिया २२ नवंबर, २०२२ को पहली भारत–आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह–अध्यक्षता करेंगे, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह



करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान भारत–आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा करने की योजना है। भारत १९९२ में आसियान का संवाद भागीदार बना और १२ अक्टूबर, २०१० को वियतनाम के हनोई में एडीएमएम–प्लस का उद्घाटन किया गया। २०१७ से, एडीएमएम–प्लस मंत्रियों की सालाना बैठक आसियान और प्लस देशों के बीच संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए होती रही है।भारत और आसियान ने नवंबर २०२२ में अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाया है। दूसरी ओर, भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए अमेरिकी नौसेना के सचिव कार्लोस डेल भारतीय नौसेनाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने के लिए भारत में हैं। अमेरिका के नौसेना सचिव कार्लोस डेल टोरो २१ नवंबर तक भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। नौसेना ने कहा कि वह नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और भारत सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। कार्लोस डेल टोरो का कोच्चि में भारतीय नौसेना के दक्षिणी नौसेना कमान का दौरा करने का भी कार्यक्रम है, जहां वह कमांडर–इन–चीफ एसएनसी के साथ बातचीत करेंगे और कोचीन शिपयार्ड में भारत के पहले स्वदेशी विमान वाहक, आईएनएस विक्रांत का दौरा करेंगे।

# मुंबई पुलिस का अवैध डांस बार पर छापा


मुंबई। मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने शनिवार तड़के बोरीवली में एक अवैध डांस बार पर छापा मारा और आठ लड़कियों को मुक्त कराया और एक दर्जन ग्राहकों समेत २० लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रकांत जाधव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर, एसएसबी के अधिकारियों और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बोरीवली पूर्वी में होटल निशांत और ऑर्केस्ट्रा बार पर रात करीब १ बजे छापा मारा। छापे के दौरान, टीम को आठ लड़कियां मिलीं जिन्हें कथित तौर पर कार्यक्रम स्थल पर नृत्य करने के लिए मजबूर किया गया था, उन्हें बचाया गया, हालांकि बार मालिक फरार है। एसीपी जाधव ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों में ७ कर्मचारी, एक ऑर्केस्ट्रा चलाने वाला और १२ ग्राहक हैं उनके खिलाफ महिलाओं की गरिमा की रक्षा सहित कानून की विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस ने लगभग ४८,००० रुपए नकद, एक लैपटप, मेमोरी कार्ड और अन्य संगीत उपकरण जब्त किए हैं और स्थानीय पुलिस स्टेशन के माध्यम से आगे की जांच जारी है। सूत्रों का कहना है कि राज्य में डांस बारों पर प्रतिबंध ा के बावजूद, कुछ विशेष रूप से मुंबई और ठाणे के सीमावर्ती क्षेत्रों में चोरी–छिपे चलते रहते हैं, उनके खिलाफ नियमित छापेमारी की जाती है।

# उत्तरी कश्मीर के एक घर से हथियारों का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर पुलिस और सेना ने एक संयुक्त अभियान में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक घर से हथियारों और गोला–बारूद का जखीरा बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, बीती रात कुपवाड़ा के पंजतरन करनाह क्षेत्र के निवासी रफकत हुसैन शाह के घर में अवैध ा हथियार व बारूद की मौजूदगी के संबंध में एक विशेष इनपुट पर पुलिस और सेना द्वारा एक संयुक्त घेरा और तलाशी अभियान शुरू किया गया था।तलाशी अभियान के दौरान, उक्त घर से एक पिस्तौल, दो पिस्टल मैगजीन, १६ पिस्टल राउंड, दो हथगोले, दो डेटोनेटर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## श्रद्धा हत्याकांड में पुलिस के हाथ बड़ा सबूत, सीसीटीवी में सामने आई आफताब की करतूत

नई दिल्ली। श्रद्धा हत्याकांड में दिल्ली पुलिस को आखिरकार ६ दिन बाद एक बड़ा सबूत हाथ लग गया है। जिसमें आरोपी आफताब की करतूत सामने आई है। पुलिस को इस मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है।श्रद्धा वालकर हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में दिल्ली पुलिस पूरी जी जान फूंक रही है। आरोपी द्वारा बताए गए जंगलों को छाना जा रहा है। इसी बीच पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का एक सीसीटीवी फुटेज हासिल कर लिया है। जिसमें आफताब १८ अक्टूबर की तड़के करीब ४ बजे हाथ में बैग लेकर अपने घर के बाहर घूमते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस को शक है वह श्रद्धा के कटे हुए शव के टुकड़ों को फेंकने गया था। हालांकि पुलिस अभी इसकी सत्यता की भी जांच कर रही है। वहीं इधर, इस केस में शनिवार को पुलिस फिर से महरौली के जंगल में श्रद्धा के सिर समेत अन्य टुकड़ों की तलाश में जंगल को छानती रही। इससे पहले शुक्रवार को पुलिस ने गुरुग्राम के डीएलएफ फेज–२ वन क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चलाया लेकिन खाली हाथ रही। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के घर



से श्रद्धा के कपड़े भी बरामद किए है। बता दें कि, लिव–इन में रहकर प्यार के खौफनाक अंत की घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। आफताब अमीन के प्यार में अंधी होकर उसके साथ लिव–इन में रह रही श्रद्धा की हत्या आफताब ने १८ मई की रात दोनों के बीच झगड़ा होने पर गला दबाकर कर दी थी। फिर शव को छिपाने के लिए श्रद्धा के ३५ टुकड़े किये और धीरे–धीरे करके उन्हें छतरपुर के जंगलों और अलग–अलग जगहों में फेंक आया था।

# अद्भुत व्यक्तिः बालों से भरे शरीर वाला व्यक्ति

**अमरेन्द्र सहाय**

अमर दुनिया में कुछ ऐसी बीमारियां हैं, जो किसी– किसी इंसान में पाई जाती हैं लेकिन ये जब होती हैं व्यक्ति की सूरत ही बदल देती हैं. सामान्य से अधिक लंबाई या फिर शरीर के अंगों में कुछ अजीब बदलाव शख्स को आम दुनिया के इंसानों को अलग बना देते हैं. भारत के मालवा क्षेत्र में स्थित रतलाम के ललित पाटीदार १७ वर्षीय किशोर हैंः लेकिन उन्हें देखकर बच्चे डर जाते हैं. दरअसल उनक शक्ल आम इंसान से काफी अलग दिखती है. उनके हात पैर या फिर शरीर के सारे अंग यहां तक कि चेहरा भी एक इंसान जैसा ही है, लेकिन चेहरे पर उगे बाल ललित को काफी अलग लुक देते हैं. उनके चेहरे पर इतने घने बाल हैं वो एक भेड़िये जैसे दिखते हैं. ललित को देख बच्चे डर जाते हैं. चेहरा इतना भयानक दिखता है कि बच्चों को डरे के मारे ऐसा लगता है कि कहीं वो उन्हें काट ना ले. कभी कभी तो बच्चे उन्हें



पत्थर भी मार देते हैं. ललित पाटीदार का शरीर एक खास हार्मोन्स में बदलाववके कारण ऐसा दिखता है. हालांकि वो पूरी तरह स्वस्थ हैं. लेकिन उन्हें एक दुर्लभ बीमारी है. जिसे 'वेयरवोल्फ सिंड्रोम' कहा जाता है. जिसके वजह से उनका पूरा चेहरा घने बालों से ढक गया है. ललित जब पैदा हुए तो उनके हाथ और पैरों में ये बाल थे. लेकिन ७ साल की उम्र होने तक उनके चेहरे पर भी बाल आने लगे और अब १७ साल की उम्र में उनके पूरे चेहरे पर बाल इस कदर आ गए फेस नहीं दिखता. ललित एक सामान्य परिवार से हैं. उनके पिता किसान हैं. वे १२वीं के छात्र हैं और पिता काम में हाथ बंटाते हैं. ललित को अपने इस रूप से कोई समस्या नहीं है.बल्कि वो अपने जीवन से खुश हैं. हालांकि उनकी शक्ल को देख मजाक भी उड़ाया जाता है. लोग उन्हें 'मंकी बॉय' कहकर चिढाते भी हैं. लेकिन ललित के कई दोस्त हैं अब जो लोग उन्हें जानते हैं वे उन्दे डरते नहीं हैं . वेयरवोल्फ सिंड्रोमइंसानों में होने वाली एक दुर्लभ हार्मोन्स डिसऑर्डर की समस्या है. मेडिकल साइंटिस्ट्स के अनुसार, मध्यकाल के बाद अब तक दुनिया के कुल ५० लोगों में इस तरह की समस्या देखी गई है. इसे मेडिकल साइंस की भाषा में हाइपरट्रिचोसिस कहा जाता है. लोगों के अनुसार ललित शरीर बचपन से ही असामान्य बाल देखे गए. उनके माता– पिता बात को लेकर परेशान थे उन्होंने इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह ली, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें बताया जब बच्चे के हार्मोंस से बदलाव आएंगे तभी इस समस्या का कोई इलाज किया जा सकता है।

# लंबे इंतजार के बाद एक मंच पर दिखे अखिलेश, शिवपाल और रामगोपाल

लखनऊ। लंबे इंतजार के बाद यूपी के इटावा में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव, रामगोपाल यादव और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के प्रमुख शिवपाल




यादव एक मंच पर नजर आए जिसके बाद सपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। यह तीनों रविवार को सैफई के एस. एस. मेमोरियल स्कूल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में एक साथ नजर आएं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उप चुनाव में सपा ने परिवार की बड़ी बहू डिंपल को एक बार फिर से सांसद बनाने के लिए मैदान में उतारा है। इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए अखिलेश यादव ने डिंपल यादव के साथ सैफई में शिवपाल सिंह यादव के घर जाकर भेंट की थी और उनका आशीर्वाद लिया था। मैनपुरी लोकसभा सीट के उप चुनाव के लिए पार्टी ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। डिंपल यादव को जीत दिलवाने के लिए मुलायम परिवार कार्यक्रम में एक साथ दिखा। मंच पर राज्य की सियासत के तीन बड़े चेहरों के साथ रामगोविंद चौधरी, तेजप्रताप यादव, आदित्य यादव भी मौजूद रहे। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जब तक परिवार एक रहता है तब छाती चौड़ी हो जाती है। मैं जब भी यहां आता था और जसवंतनगर के किसी भी कोने में जाता था तो लोग एक ही बात कहते थे कि एक हो जाइए तो ही भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) को मात दे सकते हैं तो आज हम एक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के सबसे बड़े बेटे होने के नाते अखिलेश यादव को इसे बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। शिवपाल यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि एक होकर सत्तारूढ़ पार्टी को हराया जा सकता है। ये झूठ बोलने वाली सरकार है। हमारे खिलाफ साजिशें हो रही हैं। इस बार रिकर्ड मतों से उसे हराना है और मैनपुरी में बहू डिंपल यादव को जिताना है। अखिलेश यादव ने कहा कि चाचा–भतीजे में कभी दूरी नहीं थी। मैनपुरी का उपचुनाव पूरा देश देख रहा है। हमें एक साथ देखकर भाजपा को तकलीफ हो रही होगी।

## अभिनेता तुषार कपूर के खिलाफ चालान करेगी ट्रैफिक पुलिस

लखनऊ। यातायात नियमों के उल्लंघन के मद में लखनऊ ट्रैफिक पुलिस जल्द ही बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर के खिलाफ चालान



जारी करेगी। इसके लिए आईटीएमएस के सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है। विदित हो कि फिल्म मारीच के प्रमोशन के लिए राजधानी लखनऊ पहुंचे अभिनेता तुषार कपूर की शहर की सड़कों पर बिना हेलमेट पहने बाइक पर फर्राटा भरते दिखाई दिये। इसकी फोटा और वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोर रही है। मामला संज्ञान में आते ही लखनऊ पुलिस के उच्चाधिकारियों ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। ट्रैफिक पुलिस को अभिनेता तुषार कपूर के खिलाफ बिना हेलमेट पहन कर वाहन चलाने के आरोप में मोटर व्हीकल अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चालान जारी करने का आदेश दिया गया है। विदित हो कि इससे पूर्व लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने फिल्म अभिनेता वरुण धवन का भी यातायात नियमों के उल्लंघन के मद में चालान काटा था। दरअसल अपनी फिल्म बवाल की शूटिंग के लिए लखनऊ पहुंचे फिल्म अभिनेता वरुण धवन भी गत ३० अप्रैल २०२२ को शहर की सड़कों पर बिना हेलमेट बुलेट चलाते दिखे थे। इस सम्बन्ध में संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोर्डिया ने बताया कि फिल्म अभिनेता तुषार कपूर की लखनऊ के सड़कों पर बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जांच के बाद मामला सत्य पाया गया है। ट्रैफिक पुलिस को अभिनेता तुषार कपूर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में चालान करने का आदेश दिया गया है।

## दिग्गज अदाकारा तबस्सुम गोविल का ७८ साल की उम्र में निधन

मुंबई। फूल खिले हैं गुलशन, गुलशन टीवी टाक शो से घर–घर मशहूर हुईं प्रसिद्ध अभिनेत्री तबस्सुम



का शुक्रवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया और आज शाम उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह ७८ वर्ष की थीं। तबस्सुम ने अपने बेहतरीन और दिल को छू लेने वाले अभिनय से लोगों के दिलोदिमाग पर अमिट छाप छोड़ी थी। वह अनेक पारिवारिक धारावाहिकों में अपनी अदाकारी और मिठास भरी आवाज से मंजे हुए कलाकारों पर भी भारी पड़ती थीं। उनके पुत्र होशांग गोविल ने बताया कि उन्हें कल रात दो बार दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उनका निधन हो गया। उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत १९४७ में 'मेरा सुहाग' से की थी। उस वक्त महज तीन वर्ष की थीं। तबस्सुम ने जानी मेरा नाम, मुगले आजम, बैजू बावरा, सरगम, सुर संगम, हम नौजवान, तेरे– मेरे सपने,चमेली की शादी, जैसी अनेक फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया।

## 'दृश्यम २' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, रिलीज के पहले दिन कमाए १५ करोड़ रुपए

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अभिनीत 'दृश्यम २' फिल्म ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर १५.३८ करोड़ रुपए की




कमाई की। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इस फिल्म से अभिषेक पाठक ने निर्देशन की अपनी पारी की शुरुआत की है। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों ने दृश्यम २ की सराहना की है। प्रोडक्शन हाउस पैनोरमा स्टूडियोज ने 'दृश्यम २' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के आंकड़े साझा किए हैं और कहा कि वे फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हैं। प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान में कहा कि फिल्म ने आलोचकों की प्रशंसा हासिल की है और सिनेमाघरों में पहुंचने वाले दर्शकों की संख्या भी इस कदर बढ़ गई है कि मल्टीप्लेक्स को दृश्यम २ की मांग पूरी करने के लिए देर रात के शो आयोजित करने पड़ रहे हैं। यह फिल्म २०१५ में आई दृश्यम का सीक्वल है, जो मोहनलाल अभिनीत मलयालम फिल्म की हिंदी रीमेक है।

## नहर किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

लखनऊ। बीकेटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत आउटर रिंग रोड पर रविवार की दोपहर नहर किनारे झाड़ियों से पुलिस ने एक युवक के शव को बरामद किया है। मृतक के मुंह से खून निकल रहा था और पूरे शरीर में मिट्टी लगी हुई थी। उसकी शिनाख्त कस्बे के अस्ती रोड निवासी अनुराग के रूप में की गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आंशका जताते हुए बीकेटी कोतवाली में तहरीर दी। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की मानें तो, बीकेटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत अस्ती रोड निवासी विजय कुमार का बेटा अनुराग (२५) बेंगलूर में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। बीते १३ नवम्बर को वह बेंगलूर से लखनऊ आया था। शनिवार की दोपहर वह घर से बाइक लेकर निकला था, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उससे सम्पर्क करने की कोशिश, मगर अनुराग का मोबाइल बंद जाने लगा। इसके बाद परिजन खोजबीन करने लगे। बावजूद इसके अनुराग का कोई सुराग नहीं लगा। इसी बीच परिजनों को एक शव मिलने की जानकारी हुई। तब परिजनों ने शिनाख्त की। मृतक के पिता विजय ने हत्या की आंशका जताई है। विजय के परिवार में बेटे अलावा एक बेटी है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने



लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी पास किया था। एक साल पहले वह बेंगलूर गया था। बताया कि १८ नवम्बर को अनुराग का जन्मदिन था। जन्मदिन पर उसे घर बुलाया गया था। शुक्रवार को बेटे के साथ जन्मदिन मनाया गया था। उस वक्त परिवार में हंसी–खुशी का माहौल था। अब बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ गिर पड़ा है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक